# लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
# LUCKNOW METRO RAIL CORPORATION LTD.

## वार्षिक विवरण
## ANNUAL REPORT
## F.Y. 2016-17

LMRC Inauguration
एलएमआरसी का उद्घाटन

लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

# लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक मंडल | 3 |
| 2 | वार्षिक आम बैठक की सूचना | 4 |
| 3 | शेयरधारकों को अध्यक्ष महोदय का पत्र | 5 |
| 4 | प्रबंध निदेशक का संदेश | 7 |
| 5 | निदेशकों की रिपोर्ट | 9 |
| 6 | कॉर्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट | 29 |
| 7 | वार्षिक रिटर्न का सारांश | 35 |
| 8 | महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और लेखाओं पर टिप्पणियां | 42 |
| 9 | सचिवीय ऑडिट रिपोर्ट | 57 |
| 10 | स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट | 61 |
| 11 | वर्ष 2016–17 के लिए वित्तीय विवरण | 70 |
| 12 | भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां | 88 |

**पंजीकृत कार्यालयः**
प्रशासनिक भवन, विपिन खण्ड,
गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन-0522- 2304011
ईमेल: cslmrcl@gmail.com, वेबसाइट: www.lmrcl.com

**वैधानिक लेखापरीक्षक**
मैसर्स मृदुल अग्रवाल एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
204, दूसरी मंजिल, श्री हरि टावर,
4ए, मीराबाई मार्ग, लखनऊ–226001

**आंतरिक लेखापरीक्षक**
मैसर्स एस.एन. कपूर एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

**सचिवीय लेखापरीक्षक**
मैसर्स दिलीप दीक्षित एंड कम्पनी
कम्पनी सचिव

**कम्पनी सचिव**
पुष्पा बेलानी

**हमारे बैंक**
भारतीय स्टेट बैंक
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
इलाहाबाद बैंक

# निदेशक मंडल

| नाम | पदनाम |
|---|---|
| श्री दुर्गाशंकर मिश्रा | अध्यक्ष, लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन<br>सचिव, आवास और शहरी मामले मंत्रालय, भारत सरकार |
| श्री मनोज कुमार | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार, अपर सचिव,<br>आवास और शहरी मामले मंत्रालय |
| श्रीमती झंजा त्रिपाठी | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,<br>आवास और शहरी मामले मंत्रालय |
| श्री के. के. अग्रवाल | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार,<br>कार्यकारी निदेशक (योजना), रेलवे बोर्ड |
| श्री के. के. सब्बरवाल | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार, निदेशक (वित्त),<br>दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड |
| श्री मुकुल सिंघल | नॉमिनी निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार, अपर मुख्य सचिव,<br>आवास और शहरी नियोजन विभाग |
| श्री आलोक सिन्हा | नॉमिनी निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार<br>प्रधान सचिव, उद्योग विकास विभाग |
| श्री मुकेश मित्तल | नॉमिनी निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार<br>सचिव, वित्त विभाग |
| श्री अनिल गर्ग | नॉमिनी निदेशक, उत्तर प्रदेश सरकार, आयुक्त, लखनऊ मण्डल |
| श्री कुमार केशव | प्रबंध निदेशक, लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन |
| श्री दलजीत सिंह | पूर्णकालिक निदेशक, निदेशक (डब्ल्यूएंडआई), लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन |
| श्री महेन्द्र कुमार | पूर्णकालिक निदेशक, निदेशक (आरएसएंडएस), लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन |
| श्री अजय कांत रस्तोगी | पूर्णकालिक निदेशक, निदेशक (वित्त), लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन |

# नोटिस

## चौथी वार्षिक आम बैठक
## लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की चौथी वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 01 सितंबर, 2017 को अपराह्न 1.00 बजे पंजीकृत कार्यालय के बोर्ड रूम, भू तल, लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 में निम्नलिखित कार्यों को सम्पादित करने के लिए आयोजित की जाएगी:

**सामान्य कार्य:**

1. 31 मार्च, 2017 को कम्पनी के बैलेन्स–शीट, उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण और उन पर निदेशक मंडल तथा वैधानिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ अन्य विवरणों तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों को प्राप्त, उन पर विचार और उन्हें अंगीकार करना।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक, मैसर्स डीएस शुक्ला एंड कम्पनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए पारिश्रमिक का निर्धारण करना।

**निदेशक मंडल के आदेश से**

**(कम्पनी सचिव)**

स्थान: लखनऊ
दिनांक: 01/09/2017

**नोट्स:**

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसरण में नोटिस में निर्धारित विशेष कार्य से संबंधित विवरण संलग्न है।
2. वार्षिक आम बैठक में उपस्थित होने और वोट देने का पात्र कोई सदस्य अपने स्थान पर बैठक में उपस्थित होने और वोट देने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का पात्र है, और प्रॉक्सी को कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है।
3. प्रॉक्सी नियुक्त करने का फॉर्म, विधिवत भरा हुआ, बैठक के आरंभ होने से कम से कम 48 घंटे पूर्व कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए। बैठक के लिए प्रॉक्सी फॉर्म संलग्न है।
4. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 के अनुसरण में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां मिलने के बाद जल्दी ही भेज दी जायेंगी।

**निदेशक मंडल के आदेश से**

**(कम्पनी सचिव)**

स्थान: लखनऊ
दिनांक: 01/09/2017

**पंजीकृत कार्यालय:**
लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
प्रशासनिक भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत–226010

# शेयरधारकों के प्रति अध्यक्ष महोदय का संदेश

**प्रिय शेयरधारको**

आपकी कम्पनी की चौथी वार्षिक आम बैठक में मुझे आप सबका स्वागत करने का सम्मान प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2016–17 की निदेशकों की रिपोर्ट और लेखापरीक्षित खाते, उन पर सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ ही भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां आप सबको पहले ही प्रेषित कर दी गई हैं और आपकी अनुमति के साथ, मैं उन्हें पठित मानता हूं।

मुझे आपको यह सूचित करते हुए हर्ष होता है कि कम्पनी ने वर्ष 2016–17 के दौरान निर्धारित अपने लक्ष्यों को पूरा किया है और लखनऊ के लोगों को एक विश्व–स्तरीय आधुनिक, सुविधाजनक, आरामदेह और ऊर्जा सक्षम हरित सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के अपने संगठनात्मक उद्देश्य की प्राप्ति में तेजी से आगे बढ़ी है।

भौतिक निर्माण आरंभ होने की तारीख से केवल दो वर्ष और दो महीने की अवधि में 1 दिसंबर, 2016 को पहली प्रोटोटाइप मेट्रो ट्रेन का परीक्षण आरंभ किया और एक नया बेंचमार्क स्थाति किया। उसके बाद, परियोजना के पहले स्ट्रेच में ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग तक प्राथमिकता खंड पर वाणिज्यिक प्रचालन चालू करने के लिए बाकी कामों में तेजी लाने के लिए सभी मोर्चों पर गहन ध्यान दिया जा रहा है। 5 सितंबर, 2017 को प्राथमिकता खंड पर वाणिज्यिक सेवाओं के लिए उद्घाटन ट्रेन को तीन वर्ष से कम समय में रवाना किया जा रहा है जो देश में ऐसी तकनीकी रूप से जटिल अवसंरचना परियोजना के कार्यान्वयन में स्वयं में फिर से एक कीर्तिमान होगा।

प्राथमिकता खंड को चालू करने में कम्पनी द्वारा बनाए गए विभिन्न इंजीनियरिंग चमत्कार दिखाई दिए हैं। मवैया पर सड़क तल से 21.5 मीटर ऊंचाई पर सेवाओं को बाधित किए बिना ग्यारह रेलवे ट्रैकों के ऊपर से गुजरते हुए 105 मीटर के केन्द्रीय स्पैन और 75 मीटर प्रत्येक के छोरों के स्पैन सहित कुल 255 मीटर लम्बे विशेष संतुलित कैन्टीलिवर स्पैन का निर्माण काफी चुनौतीभरा रहा है जिसे कम्पनी ने सिर्फ अठ्ठारह महीनों में हासिल किया है। देश में रेलवे और मेट्रो परियोजनाओं में यह ऐसा सबसे लम्बा पुल है।

इसी प्रकार, अवध रोटरी के ऊपर 60 मीटर लम्बे सुन्दर स्टील ब्रिज जहां सड़क के चौराहे के बीच एक प्रतिमा स्थित है, का निर्माण एक उदाहरणीय कार्य रहा है। यह पुल रात में रोशनी से जगमगाता है और लखनऊ के लोगों और नगर में आगंतुकों द्वारा काफी प्रशंसित है।

परियोजना के पहले स्ट्रेच की सफल शुरूआत के बाद, कम्पनी भूमिगत और एलीवेटेड खंडों सहित लखनऊ मेट्रो फेज–1ए परियोजना के संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कॉरीडोर को 1 अप्रैल, 2019 तक पूरा करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रही है जो काफी कठिन लक्ष्य है। 23 जनवरी, 2017 को कम्पनी ने हुसैनगंज से हजरतगंज तक 3.85 कि.मी. के भूमिगत खंड के लिए सचिवालय भूमिगत मेट्रो स्टेशन स्थल पर सुरंग बनाने का काम उत्तर प्रदेश राज्य की दो प्रमुख नदियों ''गोमती'' और ''गंगा'', नामक दो टनल बोरिंग मशीनों से (टीबीएम) आरंभ कर दिया। लगभग 700 मीटर प्रत्येक की दो सुरंगें पूरी हो गई हैं और टीबीएम अब आगामी खंड पर कार्य कर रही हैं। वायडक्ट और नौ एलीवेटेड स्टेशनों का सिविल निर्माण भी तेजी से प्रगति पर है और सीसीएस हवाई अड्डे पर भूमिगत स्टेशन का निर्माण भी आरंभ हो गया है।

कम्पनी ने परियोजना के निष्पादन की गति बढ़ाने के लिए प्रक्रियाओं और प्रणालियों में सुधार करने पर हमेशा जोर दिया है। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि अब तक परियोजना की भौतिक प्रगति 50% और वित्तीय प्रगति 48% है।

लखनऊ मेट्रो परियोजना पूरी करने में पर्यावरणीय और सामाजिक पहलुओं का विस्तृत महत्व वास्तव में प्रशंसनीय है। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि कम्पनी ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के प्रति संगठन की एकीकृत प्रबंधन प्रणाली की मान्यता के तौर पर **आईएसओ 14001:2004** और **ओएचएसएएस 18001:2007** के लिए प्रमाणन प्राप्त किया है। प्राथमिकता खंड के सभी आठ स्टेशनों ने इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) से ''प्लेटिनम रेटिंग'' प्राप्त किया है। कम्पनी ने 3 जून, 2017 से

9 जून, 2017 तक विश्व पर्यावरण सप्ताह के दौरान व्यापक पर्यावरणीय अभियान चलाया है जिसमें लखनऊ मेट्रो जैसी प्रमुख अवसंरचना परियोजना का कार्यान्वयन करते समय प्रकृति और धरती माता के रक्षण के लिए सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक पर्यावरणीय जागरूकता कार्यकलाप जैसे पौधरोपण, पर्यावरणीय मुद्दों पर वार्ताएं, क्विज और नारा लेखन प्रतियोगिता, भारतीय उद्योग परिसंघ–आईजीबीसी (सीआईआई–आईजीबीसी) टीम द्वारा प्रशिक्षण सत्र इत्यादि आयोजित किए गए हैं।

लखनऊ मेट्रो परियोजना पूरी करने में प्रशंसनीय कार्य के लिए कम्पनी ने अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। 12 दिसंबर, 2016 को बर्लिन (जर्मनी) में गुणवत्ता प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्शाने वाली नैतिकता और पहलों के लिए कम्पनी द्वारा स्वर्ण श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त ''यूरोपियन सोसाइटी फॉर क्वालिटी रिसर्च (ईएसक्यूआर) च्वॉइस एवार्ड 2016'' एक महान उपलब्धि है।

अंत में, अति समयबद्ध तरीके से लखनऊ मेट्रो परियोजना के कार्यान्वयन में निरंतर सहयोग के लिए हमारे बाह्य वित्तीय संस्थान यूरोपीय निवेश बैंक (ईआईबी), भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न सरकारी विभागों, कम्पनी के निदेशक मंडल तथा सभी हितधारकों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

इसी प्रकार मैं लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के कर्मचारियों की गहन सराहना करना चाहता हूं जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम और संकल्प से कम्पनी के उद्देश्यों की पूर्ति के प्रति अतुल्य निष्ठा प्रदर्शित की है जिससे सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्च मानकों को कायम रखते हुए नियत समय अवधि में कठिन लक्ष्यों को हासिल करना संभव हुआ है।

धन्यवाद सहित,

हस्ता./–
**(दुर्गा शंकर मिश्रा)**
सचिव, आवास और शहरी मामले मंत्रालय, भारत सरकार
एवं अध्यक्ष, लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

# प्रबंध निदेशक का संदेश

**प्रिय शेयरधारको,**

इस वर्ष की वार्षिक आम बैठक में आप सबका स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में हम स्वयं को उत्तर प्रदेश की राजधानी में वहनीय और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की चिर प्रचिलित मांग पूरी करने योग्य पाते हैं। लखनऊ मेट्रो नगर की परिवहन जरूरतों को एक दीर्घकालीन समाधान प्रदान करेगा।

मुझे आपको यह सूचित करने में अत्यंत प्रसन्नता होती है कि लखनऊ मेट्रो ने तीन वर्ष से कम की अवधि में ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग तक प्राथमिकता खंड पर वाणिज्यिक प्रचालन चालू करके देश में तीव्रतम मेट्रो परियोजना की विशिष्टता हासिल की है। परियोजना के पहले स्ट्रेच पर वाणिज्यिक सेवाओं के लिए उद्घाटन ट्रेन को उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री राम नाइक, उत्तर प्रदेश, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आवास और शहरी मामले मंत्रालय, भारत सरकार और अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में रवाना किया जा रहा है। लखनऊ के लोगों के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है जब उन्हें एक विश्व–स्तरीय आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली प्राप्त होगी जो इस सुंदर शहर में आवागमन का तरीका बदल देगी।

पहले, एलएमआरसी ने भौतिक निर्माण आरंभ करने की तारीख से केवल दो वर्ष और दो महीने की अवधि में 1 दिसंबर, 2016 को पहली प्रोटोटाइप मेट्रो ट्रेन का परीक्षण आरंभ करके एक उपलब्धि हासिल की थी। मैं एलएमआरसी के प्रत्येक कर्मचारी, सामान्य परामर्शदाताओं और संविदा भागीदारों को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने सरकार और लखनऊ के लोगों के प्रति प्रतिबद्धता के अनुसार काफी कम समयसीमा में बेहद सार्वजनिक हित की इस परियोजना के पहले चरण को समयबद्ध रूप से पूरा करने में अपने निरंतर कठिन परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता से इन उपलब्धियों को संभव बनाया।

प्राथमिकता खंड को चालू करने की सख्त समय अवधि का पालन करने के लिए, कम्पनी ने सभी प्रणाली अनुबंधों को अंतिम रूप दिया, प्रचालन और अनुरक्षण कर्मचारियों की भर्ती पूरी की और रेल मंत्रालय तथा मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त से समय पर वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त की जो काफी प्रशंसनीय है। सभी मेट्रो स्टेशनों पर आधुनिकतम प्रचालन नियंत्रण केन्द्र (ओसीसी) और सुरक्षा नियंत्रण सहित हर समय निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, स्कैनर्स, मैटल डिटेक्टर्स इत्यादि स्थापित किए गए हैं। कम्पनी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लखनऊ मेट्रो का निर्माण निःशक्त व्यक्तियों के लिए सुविधाओं और परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान पर्यावरणीय और सामाजिक पहलुओं के संबंध में विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार किया गया है।

शहर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने के लिए, कम्पनी ने 5 जून 2017 को ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो ट्रेन डिपो में बड़े पैमाने पर पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया है। अपने पर्यावरण के संरक्षण और लखनऊ मेट्रो को व्यापक तीव्र परिवहन प्रणाली (एमआरटीएस) बनाए रखने के लिए जन जागरूकता और स्वतः प्रेरित अभियान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, विश्व पर्यावरण सप्ताह मनाने के लिए 3 जून, 2017 को एक व्यापक 'श्रमदान' सह पर्यावरणीय अभियान चलाया गया जिसमें एलएमआरसी के समस्त कर्मचारियों ने पूरे दिल से भाग लिया। एलएमआरसी को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार संगठन की एकीकृत प्रबंधन प्रणाली को मान्यता देते हुए **अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) 14001:2004 और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा निर्धारण श्रृंखला (ओएचएसएएस) 18001:2007** प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं। साथ ही, प्राथमिकता खंड के सभी आठों स्टेशन इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) से ''प्लेटिनम रेटिंग'' प्रमाणित भवन हैं जो कि देश में सर्वोच्च ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन है।

मैं एलएमआरसी को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में हमारे बाह्य वित्तीय संस्थान यूरोपीय निवेश बैंक (ईआईबी), निदेशक मंडल, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न सरकारी विभागों, तथा सभी हितधारकों को उनके निरंतर सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं।

अंत में, मैं लखनऊ के निवासियों को भी इस परियोजना को उनके अतिशय समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और भविष्य में भी उनके पूरे हार्दिक सहयोग का आकांक्षी हूं।

कम्पनी के पास 1 अप्रैल, 2019 तक भूमिगत और एलीवेटेड खंडों सहित लखनऊ मेट्रो चरण–1ए के संपूर्ण उत्तर–दक्षिण कोरीडोर को पूरा करने का लक्ष्य है। इन स्ट्रचों में कार्य तेजी से चल रहे हैं और मैं आप सबको और लखनऊ के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि एलएमआरसी की बहुत छोटी किंतु बेहद कठिन परिश्रमी और व्यावसायिक रूप से सक्षम टीम इसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

धन्यवाद सहित,

हस्ता./–
**(कुमार केशव)**
प्रबंध निदेशक

# निदेशकों की रिपोर्ट

**प्रिय सदस्यजन,**

आपके निदेशकों को 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु लेखापरीक्षित लेखाओं, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और उन पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ कम्पनी की चौथी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हर्ष होता है।

## 1. लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना की स्थिति

कम्पनी लखनऊ में एक एकीकृत तीव्र व्यापक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के तौर पर लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है।

लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का 50:50 के संयुक्त स्वामित्व का विशेष प्रयोजन वाहक (एसपीवी) और कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत गठित है। फेज 1ए (चौ. चरण सिंह एयरपोर्ट से मुंशी पुलिया तक) के तौर पर 22.878 कि.मी. (19.438 कि.मी. एलीवेटेड और बाकी भूमिगत) की कुल लंबाई के लिए परियोजना की कुल समापन लागत 6,928.00 करोड़ रुपए (6,880.00 करोड़ रुपए+48.00 करोड़ रुपए आईडीसी) है। परियोजना का सैद्धांतिक अनुमोदन भारत सरकार द्वारा दिसंबर 2013 में दिया गया था। प्राथमिकता खंड के तौर पर ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग रेलवे स्टेशन तक 8.5 कि.मी. के स्ट्रेच का निर्माण कार्य 27.09.2014 को आरंभ कर दिया गया था।

राजस्व प्रचालन आरंभ करने हेतु काम पूरे करने के लिए कम्पनी काफी परिश्रम कर रही है। कम्पनी ने 1 दिसंबर, 2016 को अपने ट्रांसपोर्ट नगर डिपो से ट्रेन के पहले सेट के साथ परीक्षण आरंभ कर दिया है।

आलोच्य वर्ष लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा। परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए परियोजना के सिविल कार्यों की गति तेज करना आवश्यक है। 31.03.2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान वायाडक्टों, स्टेशन भवनों, इंजन व डिब्बों, ट्रैक्शन, ट्रैक, सिग्नल और दूरसंचार सहित सिविल और प्रणाली अनुबंधों ने अच्छी प्रगति की है। एलएमआरसीएल के स्वतंत्र गुणवत्ता एवं सुरक्षा कन्सल्टेंट (आईक्यूएससी) ने काम के गति पकड़ते ही गुणवत्ता और सुरक्षा आश्वासन के साथ ही कार्यस्थलों पर परियोजना की निगरानी में अहम भूमिका निभाई। सिविल कार्यों में पिछले वर्ष की तुलना में यथेष्ट प्रगति दिखाई दी।

आपके निदेशकगण गर्व से आपको यह सूचित करते हैं कि 31 मार्च, 2017 को प्राथमिकता खंड की भौतिक प्रगति 98% और एन–एस कॉरीडोर की भौतिक प्रगति 39.49% और वित्तीय प्रगति 38.56% है।

कम्पनी के सामान्य कन्सल्टेंट आयेशा–कर्ण–आरवी–जियोडाटा का कन्सोर्टियम है, जो विभिन्न चरणों में कार्य की प्रगति की निगरानी के साथ ही परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान गुणवत्ता और सुरक्षा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

प्राथमिकता खंड में स्टेशनों के लिए, वास्तु संबंधी काम पूरा हो चुका है और इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल प्रणालियां पूरी होने वाली हैं और राजस्व प्रचालन के लिए तैयार हो जायेंगी। सभी प्रमुख उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं।

## 2. भूमिगत कार्य

प्राथमिकता खंड से आगे की लंबाई के लिए, चारबाग से के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम तक भूमिगत खंड के सिविल तथा ई एंड एम कार्यों का ठेका मैसर्स गुलरमार्क–टीपीएल जेवी को 23 जनवरी, 2017 को सौंपा गया है। 3.85 कि.मी. भूमिगत खंड के लिए सचिवालय भूमिगत मेट्रो स्टेशन पर सुरंग बनाने का काम आरंभ हो चुका है। अन्य तीन भूमिगत स्टेशन हैं हुसैनगंज, सचिवालय और हजरतगंज। यह एलएमआरसी के लिए परियोजना निर्माण में प्राप्त एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसका काम इसकी निर्धारित तारीख से काफी आगे चल रहा है।

भूमिगत मेट्रो स्टेशन का काम, उत्तर प्रदेश राज्य की दो प्रमुख नदियों ''गोमती'' और ''गंगा'' नामक दो टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) से अप और डाउन दोनों लाइनों पर एक साथ किया जा रहा है।

कम्पनी ने के डी सिंह बाबू स्टेडियम से मुंशी पुलिया तक उत्तर–दक्षिण कॉरीडोर के 9.6 कि.मी. के बाकी एलीवेटेड भाग का निर्माण भी आरंभ कर दिया है। निर्माण समय के दौरान सुरक्षित और परेशानी रहित निर्माण के साथ ही सड़क यातायात में कम हस्तक्षेप के लिए कम्पनी उचित उपाय अपना रही है।

## 3. सचल स्टॉक

एल्स्टॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लि. और एल्स्टॉम ट्रांसपोर्ट एस. ए. फ्रांस के कन्सोर्टियम को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से 4 कोचों वाले 20 ट्रेन सेटों की आपूर्ति का काम सौंपा गया था। लखनऊ मेट्रो ने 1034 यात्री वहन क्षमता और सीबीटीसी सिग्नलिंग सहित 90 कि.मी.प्र.घं. की अधिकतम गति वाले 4 कोचों वाले 4 ट्रेन सेट प्राप्त किए हैं। तदनुसार कम्पनी ने भी आरडीएसओ (रेल मंत्रालय) से भी गति प्रमाणपत्र प्राप्त किया है।

## 4. ट्रांसपोर्ट नगर डिपो पर रिसीविंग सबस्टेशन

लखनऊ मेट्रो ने ट्रांसपोर्ट नगर डिपो पर ट्रेन संचालन के लिए 25केवी ट्रैक्शन पावर और प्राथमिकता खंड और अंततः पूरे उत्तर–दक्षिण कॉरीडोर यानी फेज 1ए को स्टेशन विद्युत आपूर्ति के लिए 33केवी ऑक्जिलरी पावर सहित अत्याधुनिक 132केवी/33केवी/25केवी रिसीविंग सबस्टेशन सह ऑक्जिलरी मेन सबस्टेशन सह ट्रैक्शन सबस्टेशन (आरएसएस) निर्मित किया है। इसका भौतिक कार्य 1 जनवरी, 2016 को आरंभ हुआ और सबस्टेशन का ऊर्जायन 7 अक्तूबर, 2016 को यानी 9 माह और 7 दिन के रिकॉर्ड समय में किया गया। सबस्टेशन के नियंत्रण और सुरक्षा के लिए इंटैलिजेंट इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज (आईईडी'ज) पर आधारित सबस्टेशन ऑटोमेशन की व्यवस्था की गई है। प्रचालन नियंत्रण केन्द्र पर सुपरवाइजरी नियंत्रण एवं डाटा अधिग्रहण प्रणाली (स्काडा) की व्यवस्था की गई है जिसके माध्यम से सभी विद्युत आपूर्ति उपकरणों की निगरानी और उन पर नियंत्रण किया जाता है। आरएसएस की छत पर 100 किलोवाट का सौर संयंत्र लगाया गया है, जो दिन के समय सबस्टेशन के प्रकाश भार को पूरा करने में सक्षम है।

## 5. सिग्नलिंग, ट्रेन नियंत्रण, लिफ्टें और एस्केलेटर्स

फेज 1ए यानी उत्तर–दक्षिण कॉरीडोर के लिए सिग्नलिंग और ट्रेन नियंत्रण का काम सचल स्टॉक और सिग्नलिंग के एकीकृत अनुबंध के तौर पर मैसर्स एल्स्टॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया प्रा. लि. के कन्सोर्टियम को सौंपा गया है। दूरसंचार प्रणाली का काम मैसर्स एल एंड टी को सौंपा गया है। समूचे कॉरीडोर के लिए डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा चुका है। प्राथमिकता खंड के लिए सभी प्रमुख सामग्रियां और सिग्नलिंग तथा दूरसंचार उपकरण स्थापित किए गए हैं।

मैसर्स ब्यूरो वेरिटास इटैलिया एस.पी.ए. को सिग्नलिंग और ट्रेन नियंत्रण प्रणाली के लिए स्वतंत्र सुरक्षा निर्धारक (आईएसए) नियुक्त किया गया है।

लिफ्टों की आपूर्ति और स्थापना का कार्य मैसर्स जॉनसन को दिया गया है। छब्बीस लिफ्टें वितरित की गई हैं और प्राथमिकता खंड के सभी स्टेशनों और डिपो नियंत्रण केन्द्र पर स्थापित की गई हैं।

एस्केलेटर्स की आपूर्ति और स्थापना का कार्य मैसर्स बीएलटी–स्टोन इंडिया कन्सोर्टियम के कन्सोर्टियम को दिया गया है और उनके वितरण के साथ सभी एस्केलेटर्स प्राथमिकता खंड के सभी स्टेशनों पर स्थापित किए गए हैं और सही तरीके से काम कर रहे हैं।

## 6. प्रमुख इंजीनियरिंग चुनौतियां

- कम्पनी ने **मवैया रेल क्रॉसिंग** पर, 255 मी. (केंद्रीय स्पैन 105 मी.; छोरों के स्पैन 75 मी. प्रत्येक) का विशेष संतुलित कैन्टीलिवर स्पैन बनाया है। यह भूमि तल से 15.2 मी. की ऊंचाई पर रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजरते हुए भूमि तल से 21.5 मी. की ऊंचाई पर मुख्य सड़क यातायात के बीच बेहद मुश्किल स्थितियों में सम्पादित किया गया एक बेहद चुनौतीभरा और महत्वपूर्ण कार्य है।

- कम्पनी ने अवध रोटरी पर भी, रोटरी के बीच एक प्रतिमा के ऊपर से रोटरी के ऊपर से गुजरते हुए 60 मी. का असाधारण स्टील स्पैन पुल निर्मित किया है। भूमि तल से लगभग 13 मी. की ऊंचाई पर बना यह पुल मेट्रो ट्रेन प्रचालन हेतु विशेष निर्बाध संपर्क प्रदान कर रहे मेट्रो वायाडक्ट के दोनों छोरों को जोड़ेगा। यह देश में किसी मेट्रो परियोजना के लिए किए जाने वाले असाधारण कार्यों में से एक है।

## 7. स्वचालित किराया संग्रहण प्रणाली

कम्पनी यात्रियों के लिए संपर्करहित स्मार्ट कार्डों (सीएससी) और संपर्करहित स्मार्ट टोकन्स (सीएसटी) के माध्यम से स्वचालित किराया संग्रहण (एएफसी) प्रणाली के लिए अत्याधुनिक उपकरण प्रयोग करने जा रही है। एचडीएफसी को विभिन्न स्टेशनों पर मर्चेन्ट एक्वायरर बैंक का अनुबंध दिया गया है। स्वचालित किराया संग्रहण प्रणाली (एएफसी) के कार्यान्वयन का कार्य मैसर्स डाटामैटिक्स और मैसर्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिका के कन्सोर्टियम को दिया गया है।

## 8. वैकल्पिक राजस्व पहलें

सार्वजनिक परिवहन सामान्यतः एक न्यून लाभ का कारोबार है। सार्वजनिक विभागों पर वित्तीयन के लिए निर्भरता निरंतर नहीं रह सकती और प्रत्यक्ष लाभार्थियों से राजस्व अपर्याप्त है। अतएव सार्वजनिक परिवहन कम्पनियों को गौण राजस्व स्रोत विकसित करने के लिए अपनी मौजूदा परिसंपत्तियों और जानकारी का पूंजीकरण करना होता है।

इस प्रकार, एलएमआरसी भी विज्ञापनों, वाणिज्यिक विकास और किराए, संपत्ति विकास और फाइबरों की लीजिंग द्वारा आय बढ़ाने के लिए अप्रत्यक्ष लाभार्थियों और अन्य स्रोतों का संतुलन बनाने के लिए अनेक तरीकों की तलाश कर रहा है।

## 9. राज्य में अन्य मेट्रो परियोजनाओं के लिए प्रमुख परामर्शदाता

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कम्पनी को कानपुर, वाराणसी, आगरा और मेरठ शहरों के अलावा गोरखपुर हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए कोऑर्डिनेटर के तौर पर नियुक्त किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कम्पनी को कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के लिए बतौर अंतरिम परामर्शदाता नियुक्त किया गया। माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश तथा माननीय शहरी विकास तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री, भारत सरकार द्वारा उद्घाटन एवं शिलान्यास किए जाने के बाद, कम्पनी ने 4 अक्तूबर, 2016 को कानपुर में कानपुर मेट्रो रेल डिपो की चारदीवारी के निर्माण का सिविल कार्य और जमीन की भराई का काम आरंभ कर दिया है।

## 10. सुरक्षा

एलएमआरसी अधिकतम सुरक्षा और सुरक्षा मानदंडों के साथ पूरी तरह से तैयार है। यह मेट्रो यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कम्पनी का सचल स्टॉक (मेट्रो ट्रेनें) मेट्रो कोचों के अंदर स्थापित अति आधुनिक सीसीटीवी कैमरों, अत्याधुनिक सिग्नलिंग तथा दूरसंचार प्रणाली, यात्री आपात अलार्म (पीईए) बटनों, फायर एंड स्मोक डिटेक्टर्स, आपात निकासों इत्यादि से सुसज्जित है।

कम्पनी ने अपने कर्मचारियों, यात्रियों, जन सामान्य और हमारे साथ कार्यरत ठेकेदारों के कर्मचारियों के लिए अनेक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाए हैं। परियोजना, सुरक्षा प्रशिक्षण सभी ठेकेदारों के श्रमिकों और साइट स्टाफ के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। प्रमुख ट्रेडों जैसे लिफ्टिंग इंजीनियरों, मचान वालों, ड्राइवरों और ऑपरेटरों, पिक एंड कैरी क्रेन ऑपरेटरों इत्यादि के लिए सक्षमता निर्धारण आधारित प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

एलएमआरसी सुरक्षा टीमों तथा सामान्य परामर्शदाताओं के विशेषज्ञों ने इन पहलों में सक्रिय भागीदारी की। 4 से 10 मार्च, 2017 तक आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह में एलएमआरसी कर्मचारियों ने सुरक्षा सेमिनारों और अन्य अनेक सुरक्षा विषयक

कार्यकलापों इत्यादि जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया। इसी प्रकार, हमारे ठेकेदारों द्वारा भी सुरक्षा जागरूकता कार्यकलाप चलाए गए।



मेट्रो स्टेशनों के 24 घंटे निरीक्षण के लिए प्राथमिकता खंड के सभी स्टेशनों पर सीसीटीवी, डिटेक्टर्स, स्कैनर्स, मैटल डिटेक्टर्स इत्यादि स्थापित किए गए हैं। प्राथमिकता खंड के सभी मेट्रो स्टेशन भूकम्प रोधी हैं और भूकम्पीय बल को झेलने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

लखनऊ मेट्रो निर्माण चरण के दौरान आईएसओ 14001 और ओएचएसएएस 18001 प्रमाणन मानकों के अनुसार प्रमाणित होने की प्रक्रिया में भी संलग्न है। प्राथमिकता खंड स्टेशनों के लिए चरण 1 लेखापरीक्षा पहले ही पूरी की जा चुकी है।

एलएमआरसी प्रचालन चरण के दौरान आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 और ओएचएसएएस 18001 प्रमाणन पर प्रमाणित होने के लिए भी काम कर रहा है।

## 11. कार्यशाला सह रखरखाव डिपो

उत्तर–दक्षिण मेट्रो कॉरीडोर (फेज 1ए) का कम्पनी का कार्यशाला सह रखरखाव डिपो 32वीं बटालियन, पी.ए.सी. कैम्पस, ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ में लगभग 52 एकड़ भूमि में निर्मित किया जा रहा है। डिपो में कार्यशाला सह निरीक्षण बे लाइनों, स्टेबलिंग यार्डों, स्वचालित ट्रेन धुलाई संयंत्र, डिपो नियंत्रण केन्द्र, रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस), प्रशिक्षण केन्द्र (उत्कृष्ट प्रशिक्षण केन्द्र) तथा अन्य सुविधाओं में विश्वस्तरीय आधुनिकतम सुविधाएं हैं। यह डिपो एलएमआरसी का प्रमुख डिपो और उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला डिपो बनने जा रहा है।

## 12. डिपो नियंत्रण केन्द्र (डीसीसी)

कम्पनी का डिपो नियंत्रण केन्द्र (डीसीसी) कार्यशाला सह रखरखाव डिपो के अंदर बनाया जा रहा है। डीसीसी में बैक–अप नियंत्रण केन्द्र मेट्रो ट्रेनों के प्रचालन को विनियमित करेगा। यह एलएमआरसी का तंत्रिका केंद्र होगा जो ट्रेन

प्रचालनों का नियंत्रण और निरीक्षण, यात्री सूचना की निगरानी और स्वचालित किराया संग्रहण प्रणाली की देखरेख करेगा। ट्रेनें, रखरखाव कार्मिक, ट्रेन ऑपरेटर तथा स्टेशन स्टाफ नवीनतम वॉकी–टॉकी प्रणाली से हर समय इस नियंत्रण केंद्र के संपर्क में रहेंगे।

## 13. लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को पुरस्कार और सम्मान

- कम्पनी के प्रबंध निदेशक, श्री कुमार केशव ने 15 अक्तूबर, 2016 को नई दिल्ली में शासन में नवाचार पर प्रतिष्ठित डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम स्मारक पुरस्कार प्राप्त किया।

- भारत के 6ठें निर्माण सप्ताह के पुरस्कार समारोह में, कम्पनी को वर्ष की मेट्रो रेल परियोजना 2016 के लिए उप–विजेता माना गया, आरंभिक चरणों में उद्योग जगत से यह सम्मान प्राप्त करना कम्पनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

- 12 दिसंबर, 2016 को बर्लिन (जर्मनी) में गुणवत्ता प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्शाने वाली नैतिकता और पहलों के लिए स्वर्ण श्रेणी के अंतर्गत दि यूरोपियन सोसाइटी फॉर क्वालिटी रिसर्च (ईएसक्यूआर) च्वॉइस एवार्ड 2016, जिसे कम्पनी की ओर से श्री दलजीत सिंह, निदेशक (कार्य एवं अवसंरचना) ने प्राप्त किया।

- 19 दिसंबर, 2016 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सुश्री प्रतिभा एवं सुश्री प्राची शर्मा, स्टेशन नियंत्रक एवं ट्रेन ऑपरेटर्स (एससी/टीओ) को, 1 दिसंबर, 2016 को लखनऊ मेट्रो रेल के परीक्षण संचालन की तैयारी में पहले ट्रेन चालकों के बतौर, प्रतिष्ठित रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार, 2016 प्रदान किया गया।

## 14. लखनऊ मेट्रो ने 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया

शहर को हरित और सजीव रखने के लिए, कम्पनी ने 5 जून, 2017 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया और 3 जून, 2017 से 9 जून, 2017 तक विश्व पर्यावरण सप्ताह के दौरान एक पर्यावरणीय अभियान चलाया गया जिसमें प्रकृति और धरती माता के रक्षण के लिए सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक पर्यावरणीय जागरूकता कार्यकलाप जैसे पौधरोपण अभियान, पर्यावरण पर बाहरी प्रशिक्षण सत्र, क्विज प्रतियोगिता, नारा प्रतियोगिता, पोस्टर/हरित सेल्फी प्रतियोगिता, भारतीय उद्योग परिसंघ–आईजीबीसी (सीआईआई–आईजीबीसी) टीम द्वारा प्रशिक्षण सत्र इत्यादि आयोजित किए जा रहे हैं।

जनता हेतु मेट्रो ट्रेन सेवाएं चालू करने के लिए, यह आवश्यक है कि अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा दोलन परीक्षण पूरा किया जाए, जो उनकी निर्धारित लक्ष्य तिथि यानी 9 मार्च, 2017 से पूर्व ही पूरा हो गया है। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा पहले ट्रेन सेट का दोलन परीक्षण 21 मार्च, 2017 तक सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। ये परीक्षण किसी यात्री भार के बिना 90 कि.मी.प्र.घं. की अधिकतम नियोजित गति पर और 8 यात्री प्रति वर्ग मी. के क्रश भार के समतुल्य यात्री भार पर किए गए।

साथ ही आरओडी प्रचालनों के लिए, कम्पनी मुख्य आयुक्त, रेलवे सुरक्षा के समक्ष आवेदन करने की प्रक्रिया में है।

## 15. शेयर पूंजी

आपकी कम्पनी ने वर्ष के दौरान भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से इक्विटी के तौर पर 639.00 करोड़ रुपए प्राप्त किए। 31 मार्च, 2017 को कुल प्रदत्त शेयर पूंजी 942.65 करोड़ रुपए और इक्विटी शेयरों के आवंटन के लिए लंबित शेयर आवेदन राशि 364.00 करोड़ रुपए है।

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित वित्तीय पैटर्न के अनुसार, विदेशी वित्तीयन एजेंसी के माध्यम से 3,502.00 करोड़ रुपए जुटाए गए। ईआईबी (यूरोपीय निवेश बैंक) ने 450.00 मिलियन यूरो का वित्तपोषण करने की सहमति दी है। 200.00 मिलियन यूरो के ट्रेंच ए के लिए वित्तीय अनुबंध पर 30.03.2016 को और 250.00 मिलियन यूरो के ट्रेंच बी के लिए वित्तीय अनुबंध पर 31 मार्च, 2017 को हस्ताक्षर किए गए।

## 16. मानव संसाधन

एलएमआरसी के मानव संसाधन विभाग ने कारोबारी जरूरतों और व्यक्तिगत आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया है। एलएमआरसी ''कर्मचारी सशक्तिकरण'' के मूल्य का पालन करता है। यह कार्य संस्कृति, कर्मचारी नियोजन, उत्पादकता, कार्यक्षमता और प्रभावीपन में सुधार पर केंद्रित है।

कम्पनी की रोजगार पद्धतियां प्रतिभा को आकर्षित और कायम रखने के अनुकूल हैं। 31 मार्च, 2017 को, कम्पनी की कर्मचारी संख्या 467 (परियोजना में 176 और प्रचालन एवं रखरखाव में 291) थी। उत्तर दक्षिण कॉरीडोर के लिए निर्माण कार्यकलापों को पूरा करने और बाद के राजस्व प्रचालनों की अंतिम तिथि निकट आने के मद्देनजर, जनशक्ति की भर्ती और उनका क्षमता निर्माण प्रगति पर है। एलएमआरसी अपने कर्मचारियों के नियमित विकास के लिए नियमित प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है और विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशालाएं इत्यादि आयोजित करता रहा है।

भर्ती में अ.जा./अ.ज.जा./शा.वि./अ.पि.व. के लिए आरक्षण के संबंध में भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है।

## 17. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम

लखनऊ मेट्रो अपनी महिला कर्मचारियों को एक सुरक्षित कार्य माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में, नई भर्तियों के मध्य उचित व्यवहार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समावेशी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में लिंग संवेदीकरण पर एक व्याख्यान शामिल किया गया है।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए कम्पनी की एक नीति है। कम्पनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों की देखरेख करने और यौन उत्पीड़न से मुक्त सुरक्षित कार्य माहौल उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित सदस्यों से एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है।

आंतरिक शिकायत समिति की संरचनाः

- सुश्री पुष्पा बेलानी – पीठासीन अधिकारी
- सुश्री दीप्ति अग्रवाल – बाहरी सदस्य (कार्यरत कम्पनी सचिव)
- श्री एस.ए. राजा – सदस्य
- सुश्री मंजु लता – सदस्य

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान यौन उत्पीड़न का कोई मामला सूचित नहीं किया गया।

## 18. प्रशिक्षण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ओ एंड एम कर्मचारियों को प्रशिक्षण संस्थान में उनकी स्थिति, समूह और विभाग के अनुसार विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान किए गए।

प्रशिक्षण संस्थान विभिन्न प्रबंधन विकास कार्यक्रम और सिग्नलिंग, ट्रेन नियंत्रण प्रणाली, किराया संग्रहण प्रणाली और ओ एंड एम स्टाफ के लिए बैलास्ट रहित ट्रैक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित करता है। प्रशिक्षण संस्थान निर्माण, प्रचालन, रखरखाव और ग्राहक सेवा के क्षेत्र में अपने तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता रहता है।

## 19. सूचना का अधिकार

कम्पनी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों का कार्यान्वयन किया है। वर्ष के दौरान कुल 116 आरटीआई आवेदनों और अपीलों को प्रोसेस किया गया।

## 20. सतर्कता

कम्पनी के सतर्कता विभाग का प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी, लखनऊ मेट्रो के प्रबंध निदेशक के प्रति उत्तरदायी होता है। सतर्कता इकाई कम्पनी के कारोबार और कार्यव्यवहार के बारे में केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों, विद्यमान आंतरिक दिशानिर्देशों का पालन करती है। रोकथाम संबंधी जांचों का मुख्य उद्देश्य है कि दंडात्मक कार्रवाई की अपेक्षा रोकथाम बेहतर है। जांचों के परिणाम को खामियों को दूर करने के लिए प्रणाली सुधार परिपत्रों में शामिल किया जाता है।

## 21. सूचना प्रौद्योगिकी पहलें और ईआरपी का कार्यान्वयन

मानव संसाधन प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए ईआरपी के अंतर्गत 'कर्मचारी स्वयं सेवा' आरंभ की गई है जिसमें अवकाश मॉड्यूल को प्रचालित किया गया है। कर्मचारियों द्वारा दावों की प्रक्रिया और इसका पुनर्भुगतान विकास के अधीन (परीक्षण चरण) है। साथ ही, प्रोसेसिंग समय और लागत कम करने के लिए आंतरिक तौर पर अनुकूल सॉफ्टवेयर एप्लीकेशनों को विकसित किया गया।

## 22. मियादी जमा

कम्पनी ने न तो कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(31), 73 और 74 के अंतर्गत जनता से कोई जमा राशियां आमंत्रित की हैं और न ही कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची V के अंतर्गत जनता से कोई जमा राशियां स्वीकार की हैं।

## 23. कर्मचारियों का विवरण

कम्पनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(1), 5(2) तथा 5(3) के साथ पठित अधिनियम की धारा 197(12) के प्रावधानों के अनुसार, कर्मचारियों के पारिश्रमिक और अन्य विवरणों के निर्धारण का विवरण, वार्षिक रिपोर्ट का भाग है। कम्पनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 197(12) के अंतर्गत आवश्यक पारिश्रमिक और अन्य विवरण से संबंधित प्रकटन लागू नहीं है।

## 24. निदेशक मंडल

इस रिपोर्ट की तिथि को, लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में 13 निदेशक हैं, जिनमें से 5 निदेशक भारत सरकार के नॉमिनी हैं, 5 निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार के नॉमिनी हैं और 3 कार्यकारी निदेशक हैं। सचिव, शहरी विकास

मंत्रालय, भारत सरकार इसके अध्यक्ष हैं जबकि प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार के नॉमिनी हैं। निदेशक मंडल पर एक विस्तृत नोट 'कॉर्पोरेट प्रशासन रिपोर्ट' खंड के अंतर्गत दिया गया है।

## 25. बोर्ड की बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठकें 4 बार, 26 अप्रैल, 2016, 30 जून, 2016, 26 सितंबर, 2016 और 24 जनवरी, 2017 को आयोजित की गईं।

## 26. बोर्ड की समितियां

बोर्ड ने आपकी कम्पनी के प्रचालन के आकार और प्रकृति के अनुसार उप–समितियां गठित की हैं। ये हैं लेखापरीक्षा समिति और निवेश समिति। इनमें से प्रत्येक उप–समिति द्वारा स्पष्ट तौर पर तय संदर्भ शर्तें बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित हैं। ये उप–समितियां आपकी कम्पनी की आवश्यकतानुसार समय–समय पर बैठकें करती हैं। बोर्ड की उप–समितियों का विवरण 'कॉर्पोरेट प्रशासन रिपोर्ट' खंड के अंतर्गत दिया गया है।

## 27. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुपालन में, निदेशक बयान करते हैं कि:

- वार्षिक लेखे तैयार करने में, सामग्री निकासियों के लिए उचित स्पष्टीकरणों सहित लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है;
- निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया और उन्हें सतत रूप से लागू किया और ऐसे निर्णय और अनुमान किए जो वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी की स्थिति और उस अवधि के लिए कम्पनी के लाभ और हानि की एक सत्य और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत कर सकें;
- निदेशकों ने कम्पनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने और धोखेबाजी और अन्य अनियमितताओं की रोकथाम और पता लगाने के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त लेखांकन रिकॉर्डों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखरेख की;
- निदेशकों ने वार्षिक लेखे चलायमान प्रतिष्ठान आधार पर तैयार किए हैं;
- निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियों का प्रयोग किया और ऐसी प्रणालियां उपयुक्त हैं और प्रभावी तौर पर काम कर रही हैं।

## 28. स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

वर्तमान में कम्पनी के निदेशक मंडल में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं हैं, किंतु स्वतंत्र निदेशक के नामांकन के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## 29. वार्षिक रिटर्न का सारांश

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 की उप–धारा (3) के अंतर्गत व्यवस्था के अनुसार वार्षिक रिटर्न का सारांश, निर्धारित फॉर्म, एमजीटी 9 में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

## 30. ऋणों, गारंटियों और निवेशों का विवरण

रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान, कम्पनी ने

क. किसी व्यक्ति या किसी अन्य निगमित निकाय को कोई ऋण नहीं दिया है;

ख. किसी अन्य निगमित निकाय या व्यक्ति को किसी ऋण के संबंध में कोई गारंटी या प्रतिभूति नहीं दी है; और

ग. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत यथा निर्धारित, किसी अन्य निगमित निकाय की प्रतिभूतियों का सब्स्क्रिप्शन, खरीद के माध्यम से या अन्यथा अधिग्रहण नहीं किया है।

## 31. संबंधित पक्ष लेनदेन

रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान, कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप–धारा (1) में संदर्भित संबंधित पक्षों से कोई अनुबंध या प्रबंधन नहीं किया है।

## 32. तथ्यगत परिवर्तन एवं प्रतिबद्धताएं

कम्पनी के वित्तीय वर्ष के अंत और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच ऐसे कोई तथ्यगत परिवर्तन या प्रतिबद्धताएं नहीं हुई हैं, जो कम्पनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करती हों।

## 33. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण तथा विदेशी मुद्रा अर्जन और बहिर्प्रवाह

ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण तथा विदेशी मुद्रा अर्जन और बहिर्प्रवाह के संबंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के प्रावधानों और संबंधित नियमों के अनुसार सूचना निम्नलिखित है:

लखनऊ मेट्रो के प्रचालन ऊर्जा खपाऊ हैं। तदनुसार, कम्पनी ऊर्जा के इष्टतम उपयोग के संरक्षण के लिए विभिन्न उपाय अपनाती है:

क. एचवीएसी प्रणाली के निष्पादन के नियंत्रण के लिए लोड वेट सिग्नल का प्रयोग किया जाता है।

ख. कोचों में सारी प्रकाश व्यवस्था के लिए एलईडी का प्रयोग किया जाता है।

ग. ट्रैक्शन ऊर्जा खपत में कमी के लिए अधिकतम पुनरुत्पादन स्टॉक किया जाता है।

घ. कुछ लाइनों में, जहां ट्रेनें स्वचालित ट्रेन प्रचालन (एटीओ) मोड में चल रही हैं, ऊर्जा संरक्षण मोड का उत्तरोत्तर विस्तार किया जा रहा है। एटीओ मोड में ट्रेन ऑपरेटरों को ट्रेन को यथासंभव कोस्टिंग मोड में चलाने की सलाह दी जाती है।

ङ. भूमिगत स्टेशनों में विभिन्न ऊर्जा बचत प्रौद्योगिकियों का कार्यान्वयन किया जा रहा है: उच्च क्षमता के चिलर का प्रयोग, चिलर प्लांट मैनेजर का कार्यान्वयन, प्रमाणित कूलिंग टावर का प्रयोग, उच्च ऊर्जा एक्सियल फ्लो फैन, आईई–2 श्रेणी के उच्च ऊर्जा सक्षम मोटरों की व्यवस्था, विभिन्न फ्रीक्वेंसी से नियंत्रित फ्रेश एयर फैन, एयर हैंडलिंग यूनिट कॉयल में ब्लॉकेज के बचाव के लिए यूवी लैंपों का प्रयोग और परंपरागत बल्बों के स्थान पर लाइट एमिटिंग डायोड (एलईडी) लाइटों का प्रयोग, इत्यादि।

वीवीवीएफ (वेरिएबल वोल्टेज और वेरिएबल फ्रीक्वेंसी) और पुनरुत्पादन विशेषताओं से युक्त लिफ्टों की स्थापना।

**क) हरित निर्माण प्रमाणन:**

लखनऊ मेट्रो भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के तत्वावधान में इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) का संस्थापक सदस्य है। प्राथमिकता खंड के ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग तक के हमारे मौजूदा स्टेशन आईजीबीसी ग्रीन एमआरटीएस प्रमाणन से पंजीकृत हैं। हम इस संबंध में प्रमाणन प्राप्त करने की प्रक्रिया के अधीन हैं।

सभी आगामी मेट्रो स्टेशन ऊर्जा संरक्षण के साथ ही कम कार्बन उत्सर्जन, पानी की बचत और अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्थाओं के लिए विशिष्ट प्रावधानों सहित 'हरित निर्माण' के तौर पर निर्मित किए जा रहे हैं। इन स्टेशन भवनों में निम्नलिखित विशिष्टताएं हैं:

(क) कम ताप प्रभाव – स्टेशनों की छतें या तो उच्च परावर्तक सामग्री या/और वनस्पतिक भूदृश्य से तैयार होंगी।

(ख) भूदृश्य के पौधों की प्रजातियां या तो प्राकृतिक या अनुकूल हों ताकि पानी की खपत कम हो।

(ग) स्टेशनों पर गर्मी के ताप को घटाने के लिए, भवनों की दीवारों, छतों और खिड़कियों में इन्सुलेटेड बिल्डिंग आवरण।

(घ) मेट्रो स्टेशनों को वेंटिलेशन प्रणाली के माध्यम से एएसएचआरएई 62.1–2004 के अनुसार पर्याप्त ताजी हवा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

(ङ) न्यून वीओसी पेण्ट –वीओसी रसायन हैं जो पेण्ट, एडहेसिव, सीलेंट इत्यादि में मौजूद होते हैं और बदबू देते हैं। इसलिए, इमारतों में केवल न्यून वीओसी पेण्टों, एडहेसिव और सीलेंट प्रयोग किए जा रहे हैं।

(च) जल सक्षम फिक्स्चर्स – स्टेशनों पर पानी की कम खपत वाले फिक्स्चर्स जैसे दोहरे फ्लश डब्ल्यूसी, न्यून प्रवाह नल इत्यादि स्थापित किए जायेंगे।

(छ) ऊर्जा सक्षम उपकरण – लिफ्टों और एस्केलेटर्स को वेरिएबल वोल्टेज और वेरिएबल फ्रीक्वेंसी से युक्त किया जाएगा जो परंपरागत लिफ्टों और एस्केलेटर्स की तुलना में ऊर्जा की कम खपत करते हैं। सक्षम प्रकाश प्रणाली जैसे एलईडी का प्रयोग।

**ख) अपशिष्ट प्रबंधनः**

एलएमआरसी आज के अपशिष्ट को कल का कच्चा माल समझती है। इसका उद्देश्य अपशिष्ट उत्पादन को न्यूनतम करना और उसका पुनःचक्रण करना है। अपशिष्ट की पहचान और उसके पुनःचक्रण के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाए गए हैं:

क. साइटों पर अपशिष्ट का 100% पृथक्करण सुनिश्चित किया जाता है।

ख. कम्पनी निजी पार्टी के साथ अपनी निर्माण और ध्वंस (सीएंडडी) अपशिष्ट पुनःचक्रण सुविधा स्थापित करने की प्रक्रिया में संलग्न है।

ग. अपशिष्ट कागज का एक बहिस्रोत एजेंसी के माध्यम से उपयोगी कार्यालय स्टेशनरी के रूप में पुनःचक्रण किया जाता है।

**ग) जल प्रबंधनः**

लखनऊ मेट्रो निर्माण और प्रचालन एवं रखरखाव गतिविधियों में जल संरक्षण के प्रति बहुत अधिक चिंतित है। जल की खपत कम करने के लिए समेकित प्रयास किए जा रहे हैं।

क. स्टेशनों, डिपो, आवासीय कॉलोनियों, वायाडक्टों इत्यादि पर वर्षा जल संचयन ढांचे स्थापित किए गए हैं।

ख. अपशिष्ट उपचार संयंत्र/सीवेज उपचार संयंत्र से उपचारित जल का पुनः प्रयोग

ग. सीपेज वाटर और रिवर्स ऑस्मोसिस रिजेक्ट का प्रयोग

घ. पाइप को पुनः बिछाना और निम्न प्रवाह प्लम्बिंग का प्रयोग

ङ. सक्षम दोहरे फ्लश शौचालयों का प्रयोग और शौचालय हेतु न्यूनतर क्षमता फ्लशिंग टैंक का प्रयोग, जलरहित मूत्रालयों को प्रोत्साहन

च. स्टेशन सफाई के लिए धुलाई की बजाय पोछा लगाने को प्रोत्साहन

## 34. विदेशी मुद्रा अर्जन और बहिर्प्रवाह

वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा की कोई आय नहीं हुई। बहिर्प्रवाह का विवरण निम्न प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| (1) | अनुबंध भुगतान | 16,619.03 लाख रुपए |
| (2) | व्यावसायिक और परामर्शदाता शुल्क | 1,535.37 लाख रुपए |
| (3) | टूर, ट्रेवल्स और अन्य | 32.12 लाख रुपए |

## 35. निदेशक एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित नए अध्यक्ष और निदेशक, सेवानिवृत्त/अधिवर्षिता प्राप्त करने वाले निदेशकों के स्थान पर नियुक्त किए गए:

| क्र. सं. | नियुक्त निदेशक का नाम | पदनाम | नियुक्ति की तिथि | पदत्याग करने वाले निदेशक का नाम | पदनाम | पदत्याग की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजीव गाबा | सचिव, शहरी विकास मंत्रालय | 17.08.2016 | | | |
| 2. | श्री दुर्गा शंकर मिश्रा | अपर सचिव, शहरी विकास मत्रालय | 17.08.2016 | | | |
| 3. | श्रीमती झंजा त्रिपाठी | संयुक्त सचिव, शहरी विकास मंत्रालय | 17.08.2016 | | | |
| 4. | श्री के.के. अग्रवाल | कार्यकारी निदेशक (योजना), रेलवे बोर्ड | 17.08.2016 | | | |
| 5. | श्री के.के. सबरवाल | निदेशक (वित्त), डीएमआरसी | 17.08.2016 | | | |
| 6. | श्री रामा रमण | प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास उत्तर प्रदेश सरकार | 24.01.2017 | श्री संजय अग्रवाल | प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश सरकार | 12.01.2017 |
| 7. | श्री भुवनेश कुमार | आयुक्त, लखनऊ मण्डल | 15.09.2016 | श्री टी. वेंकटेश | आयुक्त लखनऊ मण्डल | 16.05.2016 |

## 36. निदेशक एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

कम्पनी के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक निम्न प्रकार हैं:

1. श्री कुमार केशव, प्रबंध निदेशक
2. श्री दलजीत सिंह, पूर्णकालिक निदेशक (कार्य एवं अवसंरचना)
3. श्री महेन्द्र कुमार, पूर्णकालिक निदेशक (सचल स्टॉक एवं प्रणाली)
4. श्री अजय कांत रस्तोगी, पूर्णकालिक निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी
5. श्रीमती पुष्पा बेलानी, कम्पनी सचिव

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक तथा अन्य विवरण वार्षिक रिटर्न के सारांश में वर्णित किया गया है जो इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

## 37. प्रशंसा के शब्द

निदेशक मंडल श्री आलोक रंजन, कम्पनी के पूर्व अध्यक्ष, जिन्होंने मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार के तौर पर अधिवर्षिता के कारण अपना पदत्याग किया और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान जिन निम्नलिखित निदेशकों का कार्यकाल समाप्त हुआ द्वारा प्रदान

की गई बहुमूल्य सेवाओं और विशेषज्ञ सलाह के लिए अपना आभार व्यक्त करता है:

| | |
|---|---|
| श्री आलोक रंजन, पूर्व अध्यक्ष, एलएमआरसीएल, पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार | 30.06.2016 |
| श्री महेश कुमार गुप्ता, आयुक्त लखनऊ मण्डल, उत्तर प्रदेश सरकार | 29.04.2016 |
| श्री टी. वेंकटेश, आयुक्त लखनऊ मण्डल, उत्तर प्रदेश सरकार | 01.09.2016 |
| श्री संजय अग्रवाल, प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश सरकार | 13.10.2016 |
| श्री रामा रमण, प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश सरकार | 12.04.2017 |
| श्री भुवनेश कुमार, आयुक्त लखनऊ मण्डल, उत्तर प्रदेश सरकार | 12.04.2017 |

## 38. वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के वित्तीय विवरणों का प्रकटन कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार किया गया है।

## 39. महत्वपूर्ण और तथ्यगत आदेश

ऐसे कोई महत्वपूर्ण और तथ्यगत आदेश विनियामकों या किसी न्यायालय अथवा अधिकरण द्वारा पारित नही किए गए जिससे कम्पनी की चलायमान प्रतिष्ठान स्थिति और इसके प्रचालन प्रभावित होते हों।

## 40. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

बोर्ड ने कम्पनी की परिसंपत्ति की सुरक्षा, त्रुटियों और धोखाधड़ी को रोकने और उसका पता लगाने, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करके और विश्वसनीय वित्तीय प्रकटनों को समय पर तैयार और उन्हें प्रस्तुत करके कम्पनी के व्यवसाय के व्यवस्थित और सक्षम व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत नीतियां और प्रक्रियाएं अपनाई हैं।

## 41. कॉर्पोरेट प्रशासन

आपकी कम्पनी त्रुटिहीन कॉर्पोरेट प्रशासन मानकों का पालन करती है और अपने सभी कार्यकलापों में पारदर्शिता, निष्ठा और जवाबदेही अपनाती है। 'कॉर्पोरेट प्रशासन रिपोर्ट' नामक एक अलग खंड इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

## 42. लेखापरीक्षक

### क) वैधानिक लेखापरीक्षक

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अनुसरण में, मैसर्स मृदुल अग्रवाल एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा कम्पनी का वैधानिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया था जो अगली वार्षिक आम बैठक के संपन्न होने तक कार्यरत रहेंगे। इस रिपोर्ट के भाग के रूप में वैधानिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट उपयुक्त तौर पर संलग्न की गई है।

### ख) सचिवीय लेखापरीक्षक

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसरण में, मैसर्स दिलीप दीक्षित एंड कं., कार्यरत कम्पनी सचिव, को वर्ष 2016–17 के लिए कम्पनी की सचिवीय लेखापरीक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया था। सचिवीय लेखापरीक्षक की रिपोर्ट तथा सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कम्पनी सचिव द्वारा किए गए प्रश्नों पर स्पष्टीकरण या टिप्पणियां इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

### ग) आंतरिक लेखापरीक्षक

मैसर्स एस.एन. कपूर एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, लखनऊ को आंतरिक लेखापरीक्षा हेतु कम्पनी का आंतरिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया और लेखापरीक्षा समिति द्वारा समय–समय पर उनकी रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है।

### घ) अन्य प्रकटन

**आभार**

निदेशक मंडल भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई सलाह, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल इस परियोजना के लिए ऋण सहायता प्रदान करने के लिए यूरोपीय निवेश बैंक को हार्दिक धन्यवाद देता है।

बोर्ड भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, सचिवीय लेखापरीक्षकों, वैधानिक लेखापरीक्षकों और आंतरिक लेखापरीक्षकों, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ठेकेदारों, परामर्शदाताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और आपूर्तिकर्ताओं का उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनको धन्यवाद देता है।

निदेशक मंडल कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम और प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट करना चाहता है जिसके कारण परियोजना के लक्ष्य पूरे हो रहे हैं और ट्रेन प्रचालन आरंभ होने को हैं। निदेशक मंडल आने वाले वर्षों में भी कम्पनी को और अधिक ऊंचाइयां हासिल करने में सक्षम बनाने के लिए उनसे उत्साह और समर्पण पूर्ण सेवाओं की अपेक्षा करता है।

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

हस्ता./–
**(दुर्गा शंकर मिश्रा)**
अध्यक्ष

**स्थानः लखनऊ**
**दिनांकः 01/09/2017**

अनुबंध - II

# कॉर्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट

लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एलएमआरसीएल) की कॉर्पोरेट प्रशासन नीति, लखनऊ शहर के लिए एक सुरक्षित, विश्वसनीय, कुशल, व्यवहार्य एवं ग्राहक–हितैषी मेट्रो प्रणाली उपलब्ध कराने के अपने कॉर्पोरेट उद्देश्य को हासिल करने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सही प्रथाओं एवं नीतिगत मानकों को सुनिश्चित करते हुए त्रुटिहीन कॉर्पोरेट प्रशासन पद्धतियों के अनुपालन की धारणा से विकसित की गई है। एलएमआरसीएल नैतिकता के उच्च मानकों का अनुकरण करता है और अपने पूरे परिचालन क्षेत्र में सामंजस्य एवं विश्वास के मूल सिद्धांतों को बनाए रखता है।

अपने कार्यकलापों के निष्पादन में, एलएमआरसीएल द्वारा सीवीसी मार्गनिर्देशनों, कम्पनी की अंतर्नियमावली (एओए), कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, लागू लेखाकरण मानकों, प्राधिकरणों जैसे सी एंड ए जी द्वारा निर्धारित विनियमों, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 और उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा निर्देशित है। इसके अलावा, संगठन के कार्यकलापों में सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कर्मचारियों के कल्याण तथा ठेकेदारों के माध्यम से नियुक्त व्यक्तियों के लिए उचित क्षतिपूर्ति, पुनर्वास का प्रावधान और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों आदि के पुनर्वास आदि के संबंध में लागू सभी सांविधिक नियम का उचित रूप से पालन किया जाता है।

## 1. निदेशक मंडल

### 1. निदेशक मंडल की संरचना

इस रिपोर्ट की तिथि को लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में 13 निदेशक शामिल हैं जिसमें से 5 निदेशक भारत सरकार द्वारा नॉमिनी, 5 निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नॉमिनी और 3 कार्यकारी निदेशक हैं। सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार अध्यक्ष हैं जबकि प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार के एक नॉमिनी हैं।

इस रिपोर्ट की तिथि को बोर्ड की संरचना निम्नानुसार हैः

| क्र.सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजीव गाबा, सचिव (शहरी विकास मंत्रालय) | अध्यक्ष |
| 2. | श्री दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर सचिव, शहरी विकास मंत्रालय | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार |
| 3. | श्रीमती झंजा त्रिपाठी, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, शहरी विकास मंत्रालय | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार |
| 4. | श्री के.के. अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक (योजना), रेलवे बोर्ड | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार |
| 5. | श्री के.के. सबरवाल, निदेशक (वित्त), डीएमआरसी | नॉमिनी निदेशक, भारत सरकार |
| 6. | श्री सदा कांत, प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार | नॉमिनी निदेशक, उ0प्र0 सरकार |
| 7. | श्री आलोक सिन्हा, प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार | नॉमिनी निदेशक, उ0प्र0 सरकार |
| 8. | श्री मुकेश मित्तल, सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार | नॉमिनी निदेशक, उ0प्र0 सरकार |
| 9. | श्री अनिल गर्ग, आयुक्त, लखनऊ मण्डल, उत्तर प्रदेश सरकार | नॉमिनी निदेशक, उ0प्र0 सरकार |
| 10. | श्री कुमार केशव, प्रबंध निदेशक, एलएमआरसी | नॉमिनी निदेशक, उ0प्र0 सरकार |
| 11. | श्री महेन्द्र कुमार, निदेशक (आर एस एंड एस), एलएमआरसी | पूर्णकालिक निदेशक |
| 12. | श्री दलजीत सिंह, निदेशक (डब्ल्यू एंड आई), एलएमआरसी | पूर्णकालिक निदेशक |
| 13. | श्री अजय कांत रस्तोगी, निदेशक (वित्त), एलएमआरसी | पूर्णकालिक निदेशक |

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, निम्नलिखित अध्यक्ष एवं निदेशक भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त नामांकन के आधार पर नियुक्त किए गए है:

1. श्री राजीव गाबा, सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार
2. श्री दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार
3. श्रीमती झंजा त्रिपाठी, संयुक्त सचिव एवं एफए, शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार
4. श्री के.के. अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक (योजना), रेलवे बोर्ड
5. श्री के.के. सबरवाल, निदेशक (वित्त), डीएमआरसी
6. श्री आलोक सिन्हा, प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार
7. श्री अनिल गर्ग, आयुक्त, लखनऊ मण्डल, उत्तर प्रदेश सरकार

## 2. प्रशंसा के शब्द

बोर्ड निम्नलिखित निदेशकों जिनका कार्यकाल रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान समाप्त हो गया, द्वारा दी गई मूल्यवान सेवाओं और विशेषज्ञ सलाह के लिए उनकी सराहना करता है :

श्री आलोक रंजन, पूर्व अध्यक्ष, एलएमआरसीएल

| | |
|---|---|
